20 अक्टूबर को श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का मुख्यमंत्री करेंगे वर्चुअल शुभारंभ, सस्ती दरों पर उपलब्ध होगी दवाइयां

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अब उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी और यह सब संभव होगा श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के क्रियान्वयन से। निगम ने श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर के तीन दुकानों को तैयार कर लिया है , जिसका वर्चुअल शुभारंभ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री दिनांक 20 अक्टूबर दिन बुधवार को करेंगे। कलेक्टर के निर्देश पर निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने तीनों मेडिकल स्टोर का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त सुनील अग्रहरि, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े , सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता एवं अखिलेश चंद्राकर, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा , अर्पित बंजारे तथा प्रकृति जगताप मौजूद रहे।

तीन स्थानों पर खुलेंगी मेडिकल स्टोर भिलाई में प्रारंभिक तौर पर तीन मेडिकल स्टोर का शुभारंभ 20 अक्टूबर को होगा तथा दो अन्य मेडिकल स्टोर को खोलने की भी तैयारी प्रगति पर है। तीन मेडिकल स्टोर में पावर हाउस के समीप मदर्स मार्केट, शास्त्री मार्केट एवं भगवा चौक कुरूद की दुकानें सम्मिलित है। 55% छूट के साथ विभिन्न वैरायटी में मिलेगी जेनेरिक दवाई भिलाई में खुलने वाली श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में 55% छूट के साथ दवाई मिलेगी और 257 प्रकार की दवाइयां विभिन्न वैरायटिओं में उपलब्ध रहेंगी साथ ही 27 प्रकार के सर्जिकल आइटम मेडिकल स्टोर में उपलब्ध रहेंगे। मेडिकल स्टोर में दवाइयों के स्टॉक आ चुके हैं! 15 साल के अनुबंध के साथ राजपाल ट्रेडर्स रायपुर को श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर को संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

ब्रांडेड दवाइयों से कई गुना सस्ती दर पर मिलेगी जेनेरिक दवाई योजना का प्रमुख उद्देश्य जेनेरिक दवाइयों की बढ़ती हुई मांग , गुणवत्ता का किसी भी रूप में ब्रांडेड दवाइयों से कम न होना , ब्रांडेड दवाइयों से कई गुना कम कीमत पर मिलना है , जेनरिक दवाइयों की निश्चित उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा लोगों को आसानी से यह दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना एक बेहतर माध्यम साबित होगा। इस योजना से जेनेरिक दवाई के अलावा सर्जिकल आइटम की भी नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना में जेनेरिक दवाओं के अलावा अन्य सौंदर्य प्रसाधन सामग्री आदि का भी विक्रय किया जा सकता है। जिससे दुकान का संचालन लाभप्रद गतिविधि बन सके। इसके अलावा सामान्य आइटम जैसे रिंग गार्ड , बाम, आयोडेक्स, विक्स वेपराइजर, डेटॉल, इच गार्ड, वेपराइजर मशीन, सेनेटरी पैड, गर्भनिरोधक के अलावा अन्य ऐसे ही आइटम विक्रय किया जा सकता है, लेकिन इस योजना में खास बात यह है कि किसी भी दशा में ब्रांडेड दवाओं के विक्रय की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त वन विभाग द्वारा संचालित संजीवनी दुकानों में बिक्री की जा रही समस्त दवाइयों/सामग्रियों का विक्रय इन दुकानों के तहत किया जा सकेगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए खरीदी की जा रही दवाइयां भी इस योजना के माध्यम से

संचालित दुकानों के माध्यम से ही क्रय की जाएगी।   20 अक्टूबर से भिलाई में नागरिकों को श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा।